हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 14 दिसंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार विजेताओं
और ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया।केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए । राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 के लिए छह सौ 80 आवेदन प्राप्त हुए थे।

केंद्रीय सांख्यिकी, कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन एवं योजना राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कल हरियाणा के रेवाड़ी जिले के गाँव माजरा में निर्माणाधीन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का जायजा लिया। केंद्रीय मंत्री ने अगले वर्ष मार्च तक एम्स में ओपीडी शुरू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने एम्स और एजेंसी के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि रेवाड़ी जिला के माजरा गांव में बन रहे एम्स का निर्माण कार्य को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए जल्दी पूरा किया जाए। इसके अलावा फक़ल्टी संबंधी व्यवस्थाएं भी समय से पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अगले सत्र में मेडिकल क्लासे भी शुरू करवाने के निर्देश दिए।

केन्द्रीय मंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 210 एकड़ में करीब 1700 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे एम्स में वे सभी सुविधाएं मिलेंगी, जो देश के अन्य एम्स में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि ओपीडी शुरू होने से रेवाड़ी जिले व आसपास के क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी काफी राहत मिलेगी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल फतेहाबाद में पंचनद सेवा न्यास द्वारा निर्मित पंचनद सदन के भू-तल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह केवल एक भवन का उद्घाटन नहीं, बल्कि यह हमारी सामूहिक स्मृति, हमारी अटूट संस्कृति और उन लाखों पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है, जिन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने पंचनद सेवा न्यास को 31 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण बेदी और हांसी से विधायक विनोद भ्याना भी उपस्थित रहे।

फरीदाबाद सहित पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर पर पहुंचने के बाद ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान -GRAP का चौथा चरण कल शाम से लागू हो गया।

फरीदाबाद के उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि ग्रेप-4 के तहत जिले में कड़े प्रतिबंध प्रभावी हो गए हैं और सभी संबंधित विभागों को सख्ती से निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। बढ़ते प्रदूषण और वायु गुणवत्ता सूचकांक -AQI के अत्यंत गंभीर श्रेणी में पहुंचने को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण इस समय प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण -हालसा द्वारा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की न्यायाधीश एवं हालसा की कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति लिसा गिल के मार्गदर्शन में कल हरियाणा के सभी 22 जिलों और 35 उपमंडलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से वर्ष की चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गई।

लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में वाद पूर्व और लंबित मामलों की सुनवाई के लिए कुल 192 पीठों का गठन किया गया था

कुरुक्षेत्र के सांवला गांव में स्थित जिंदल हाउस में कल सांसद खेल महोत्सव के तहत पोलो के खेल मुकाबलों करवाए गए। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने इस मुकाबले में भाग लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खेल मुकाबलों की शुरुआत राष्ट्र गान के साथ की गई।
कैथल और कुरुक्षेत्र की बीच 45-45 मिनट के दो चरणों में पोलो खेला गया। इस खेल में सबसे कम उम्र के 10 वर्षीय युवा खिलाड़ी वीर शेरगिल ने भी भाग लिया। कुरुक्षेत्र टीम की अगुवाई कप्तान नवीन जिंदल ने की। ढेड़ घण्टे तक चले इस मैच में कुरुक्षेत्र की टीम ने कैथल की टीम को 7-4 से हराया।

मौसम विभाग ने हरियाणा और चंडीगढ़ में आज और कल कुछेक स्थानों पर घना कोहरा पढ़ने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होगी और उसके बाद राज्य में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा और अगले 7 दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा।

जींद से हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज अल सुबह आसमान में गहरा कोहरा छाया रहा जिसके कारण आवाजाही में आमजन को भारी परेशानी का सामाना करना पड़ा और राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी पर अनेक जगह वाहन आपस में टकरा गए।

हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कल फरीदाबाद की वाल्मीकि बस्ती में महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक भवन के पुनर्निर्माण तथा बस्सा पाड़ा में

आरएमसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वाल्मीकि मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन का निर्माण लगभग 52 लाख 50 हजार रुपये की लागत से किया जाएगा।